Need to provide stoppage of trains at railway stations in Khagaria Parliamentary Constituency- laid

चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया): मैं भारत सरकार का ध्यान खगड़िया लोक सभा की अति महत्वपूर्ण समस्या पर ले जाना चाहता हूं । खगड़िया लोक सभा क्षेत्र से 7 नदियां गुजरती हैं, जो क्षेत्र को कई भागों में बांट देती हैं । इसलिए हमारे क्षेत्र में महत्वपूर्ण यातायात का साधन रेल है । खगड़िया से रेल की 6 लाइन बेगूसराय, सेरासा, जमालपुर, नवगछिया, हसनपुर तथा अलौली जिलों की दिशा की ओर निकलती है । खगड़िया स्टेशन रेलवे को अच्छे रेवेन्यू देने वाले स्टेशन में से है । यहां से तीन राजधानियां गुजरती हैं, परंतु किसी का ठहराव खगड़िया स्टेशन पर नहीं है । अतः रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि खगड़िया स्टेशन पर 12423/12424 न्यू दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर 12553/12554 वैशाली एक्सप्रेस, गोचरी स्टेशन पर 15713/15714 कटिहार पटना एक्सप्रेस, पसराहा रेलवे स्टेशन पर 13247/13248 कैपिटल एक्सप्रेस एवं 28181/28282 कटिहार टाटानगर एक्सप्रेस, कोपरिया स्टेशन पर 13205/13206 जनहित एक्सप्रेस तथा हसनपुर रोड स्टेशन पर 12523/12524 न्यू जलपाईगुड़ी न्यू दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव जनहित में किया जाए । इन ट्रेनों का ठहराव पूरे क्षेत्र के लिए अति आवश्यक है ।